# DAINIK BHASKAR

**MARCH 20, 2026**

दैनिक भास्कर

जयपुर सिटी भास्कर 20-03-2026

**CONVOCATION** कुलाधिपति बोले- ग्रेजुएशन के बाद ही असली सीख

## 2000 से ज्यादा छात्राओं को डिग्री



**सिटी रिपोर्टर** •कैंपस में ग्रेजुएशन गाउन पहने स्टूडेंट्स, स्टेज पर नाम पुकारे जाने का इंतजार और हाथ में डिग्री लेने का उत्साह डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (आईआईएस) के 11वें कन्वोकेशन के दूसरे दिन यही दृश्य नजर आया। शैक्षणिक सत्र 2022-23 और 2024-25 के मेरिट होल्डर्स सहित 2000 से अधिक छात्राओं को डिग्री दी गई। हर स्टूडेंट के लिए यह सिर्फ सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि असाइनमेंट्स, एग्जाम्स, डेडलाइन्स और लगातार मेहनत का परिणाम रहा। कार्यक्रम में अलग-अलग कोर्स की टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत ने कहा कि डिग्री के साथ जिम्मेदारी भी आती है। उन्होंने छात्राओं से अपनी एजुकेशन का उपयोग करते हुए समाज में पॉजिटिव चेंज लाने की बात कही।

कुलाधिपति अमित गुप्ता ने इसे नई जर्नी की शुरुआत बताते हुए कहा कि ग्रेजुएशन के बाद असली सीख और अनुभव शुरू होते हैं, और यूनिवर्सिटी अपने स्टूडेंट्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहेगी।

# SAMACHAR JAGAT

**MARCH 20, 2026**

## दीक्षांत समारोह : 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों को दी उपाधि

# डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की जिम्मेदारी : शेखावत

समाचार जगत न्यूज




**जयपुर.** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के 11वें दीक्षांत समारोह के दूसरे दिन शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2024-25 की सभी संकायों की मेरिट पोजीशन होल्डर्स तथा अन्य 2000 से अधिक उत्तीर्ण छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

समारोह के विशिष्ट अतिथि, दक्षिण पश्चिमी कमान, जयपुर के लेफ्टिनेंट जनरल पीएस. शेखावत ने संस्था के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को स्मरण करते हुए कहा कि डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति के मन में उत्कृष्टता, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि आज की जटिल और प्रतिस्पर्धी दुनिया में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की जिम्मेदारी भी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गुप्ता ने सभी अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्नातक होना विदाई नहीं, बल्कि जीवन की एक नई यात्रा की शुरुआत है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के साथ सदैव जुड़ा रहेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।




### उपलब्धियों के लिए विद्यार्थी सम्मानित

समारोह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों की छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, गर्व और उपलब्धि का वातावरण बना रहा। अंत में विश्वविद्यालय के उप-कुलाधिपति सुमित गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, छात्राओं, अभिभावकों एवं आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# SACH BEDHADAK

**MARCH 20, 2026**

**दूसरा दिन** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर का दीक्षांत समारोह

## डिग्री शैक्षणिक उपलब्धि ही नहीं, समाज में परिवर्तन लाने की जिम्मेदारी



बेधड़क | जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के 11वें दीक्षांत समारोह के दूसरे दिन शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2024-25 की सभी संकायों की मेरिट पोजीशन होल्डर्स तथा अन्य 2000 से अधिक उत्तीर्ण छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि, दक्षिण पश्चिमी कमान, जयपुर के लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत ने अपने उद्बोधन में संस्था के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता का स्मरण करते हुए कहा कि डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति के मन में उत्कृष्टता, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि आज की जटिल और प्रतिस्पर्धी दुनिया में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने सभी अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्नातक होना विदाई नहीं, बल्कि जीवन की एक नई यात्रा की शुरुआत है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के साथ सदैव जुड़ा रहेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों की छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। अंत में विश्वविद्यालय के उप-कुलाधिपति सुमित गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# MORNING NEWS

**MARCH 20, 2026**

# डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की जिम्मेदारीः शेखावत




**जयपुर (मॉर्निंग न्यूज)**

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के 11वें दीक्षांत समारोह के दूसरे दिन शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2024-25 की सभी संकायों की मेरिट पोजीशन होल्डर्स तथा अन्य 2000 से अधिक उत्तीर्ण छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। यह गरिमामय समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। समारोह के विशिष्ट अतिथि, दक्षिण पश्चिमी कमान, जयपुर के लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत ने अपने उद्बोधन में संस्था के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को स्मरण करते हुए कहा कि डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति के मन में उत्कृष्टता, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करती है।

उन्होंने कहा कि आज की जटिल और प्रतिस्पर्धी दुनिया में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गुप्ता ने सभी अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्नातक होना विदाई नहीं, बल्कि जीवन की एक नई यात्रा की शुरुआत है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के साथ सदैव जुड़ा रहेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

# RAJASTHAN PATRIKA

**MARCH 20, 2026**

## राठौड़ को गोल्ड मेडल




**जयपुर @ पत्रिका.** शहर की एक यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रहीं। इस अवसर पर बीए.ऑनर्स राजनीति विज्ञान की छात्रा मुस्कान राठौड़ को शिव-सरस्वती मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। समारोह में वाइस चांसलर प्रो.टीएन माथुर और प्रो-चांसलर सुमित गुप्ता भी मौजूद रहे।

# HMARA SAMACHAR

**MARCH 20, 2026**

# आईआईएस विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 2000 से अधिक छात्राओं को उपाधि

हमारा समाचार




**जयपुर।** आईआईएस (मानीत विश्वविद्यालय) के 11वें दीक्षांत समारोह के दूसरे दिन शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2024-25 की विभिन्न संकायों की मेधावी छात्राओं सहित 2000 से अधिक छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। यह गरिमामय समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं, अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

समारोह के विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि डिग्री केवल प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों के लिए यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का दायित्व भी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति अमित गुप्ता ने कहा कि स्नातक होना जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है और विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

समारोह में उत्कृष्ट छात्राओं को सम्मानित किया गया। अंत में उप-कुलाधिपति सुमित गुप्ता ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और छात्राओं का आभार व्यक्त किया।